| | | |
|---|---|---|
| Orissa | — | 300.0 |
| Rajasthan | 75.0 | — |
| Uttar Pradesh | 730.0 | 10.0 |
| West Bengal | — | 450.0 |
| | 2808 5 | 2333.5 |

(b) and (c). The anticipated purchases of the Food Corporation are based on the procurement prospects indicated in the Chief Ministers' Conference keeping in view the recommendations of the Agricultural Prices Commission. The Commission while recommending the targets considers various factors including estimates of production, market arrivals and price levels. Drought conditions, if any, in the States are reflected in these estimates.

**Employer-Employee Relations**

*265. SHRI D. N. PATODIA : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that at a seminar on Employer-Employee relationship held at Madras, several suggestions were made to end industrial disputes ;

(b) whether Government have considered these suggestions ; and

(c) if so, the reaction of Government in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION ( SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : (a) to (c). It is understood that such a seminar was sponsored by the Rotary Club, Madras. Government have, however, received no report from the sponsors on the deliberations.

**प्रेस परिषद् सम्बन्धी सलाहकार समिति का प्रतिवेदन**

*266. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रेस परिषद् सम्बन्धी सलाहकार समिति का प्रतिवेदन सरकार को प्राप्त हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं ;

(ग) इस सम्बन्ध में समाचारपत्र-उद्योग आदि की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री ( श्री इ० कु० गुजराल )** : (क) जी, हां। रिपोर्ट की एक प्रति 10 मार्च, 1969 को सदन की मेज पर रख दी गई थी।

(ख) सलाहकार समिति के निष्कर्षों और उसकी सिफारिशों का सारांश रिपोर्ट के 12वें अध्याय में दिया हुआ है।

(ग) मन्त्रालय ने समाचारपत्र संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ रिपोर्ट की सिफारिशों पर हाल ही बातचीत की है और विभिन्न सिफारिशों पर उनके विचारों को ध्यान में रख लिया है।

(घ सरकार का विचार प्रेस परिषद् अधिनियम, 1965 में संशोधन करने के लिए संसद् में एक विधेयक प्रस्तुत करने का है।

**चीनी मिलों द्वारा निर्धारित मूल्यों पर गन्ने को न खरीदना**

267. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चीनी मिलों ने इस वर्ष पैदा हुआ गन्ना पूरी मात्रा में नहीं खरीदा और जहां कहीं भी गन्ना खरीदा, उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर किसानों को गन्ने के पूरे मूल्य का भुगतान नहीं किया ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कुछ स्थानों पर किसानों को अपने खेत खाली करने के लिए गन्ने की खड़ी फसल को जलाना पड़ा था ;

(ग) यदि हां, तो इस कारण किसानों को कितनी हानि हुई ; और

(घ) भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए क्या सरकार का विचार कोई विशेष कार्यवाही करने का है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री अन्ना-साहिब शिन्दे )** : (क) चीनी कारखाने वर्ष के दौरान उत्पादित गन्ने की सारी मात्राएं नहीं खरीदते हैं। वे अपने कारखाने के क्षेत्र में पेराई हेतु लाये गए गन्ने को ही खरीदते हैं। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, राज्य सरकारों और केन्द्र शासित क्षेत्र पांडिचेरी से प्राप्त रिपोर्टों से पता चलता है कि उनकी चीनी मिलों ने उपलब्ध किए गए गन्ने की सारी मात्रा खरीद ली थी और सांविधिक न्यूनतम मूल्य अथवा उससे अधिक मूल्य दिया गया था लेकिन इनमें से आन्ध्र प्रदेश के एक कारखाने ने बिना पंजीकृत गन्ना उत्पादकों के गन्ने की पेराई नहीं की थी और पांडिचेरी के कारखाने ने कम मूल्य पर बिना पंजीकृत गन्ना उत्पादकों का गन्ना लिया था। अन्य राज्यों से अभी तक सूचनाएं प्राप्त नहीं हुई हैं।

(ख) ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है।

(ग) और (घ). प्रश्न ही नहीं उठते।

**Registration of S. C. and S. T. Persons with Employment Exchanges**

268. SHRI RAM CHARAN : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of persons belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Matric and above) who have got themselves Registered with the Employment Exchanges in the country during the last one year ; and

(b) the number of such persons provided with jobs ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR EMPLOYMENT AND REHABILITATION ( SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : (a) and (b). A statement is placed on the Table of the House.

*Statement*

| Educational level | No. of registrations effected during July-December, 1968 in respect of | | No. of placements effected during July-December, 1968 in respect of | |
|---|---|---|---|---|
| | Scheduled Castes | Scheduled Tribes | Scheduled Castes | Scheduled Tribes |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. Matriculates | 41,367 | 5,743 | 3,899 | 474 |
| 2. Higher Secondary passed (including Intermediates/ Under-graduates). | 14,852 | 2,731 | 1,404 | 235 |
| 3. Graduates (including Post-graduates) | 4,849 | 702 | 629 | 61 |
| TOTAL | 61,068 | 9,176 | 5,932 | 770 |

NOTE : The collection of information in respect of educated job-seekers (Matriculation and above) belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes has been started at half-yearly intervals ending June and December each year w.e f. the half year ended 31st December, 1968.